भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
28.07.2021 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1510 का उत्तर

दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे

1510. श्री राजू बिष्ट:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे कुशल श्रमिकों की अत्यधिक कमी का सामना कर रही है और ऐसे उम्मीदवार भी हैं जिन्होंने 2014 में प्रशिक्षु प्रशिक्षण पूरा कर लिया था लेकिन उन्हें अभी भी रेलवे द्वारा नियुक्त नहीं किया गया है;

(ख) क्या दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे एक पुरानी प्रौद्योगिकी के साथ भाप इंजन पर चलने वाली एक विरासत रेलगाड़ी है;

(ग) यदि हां, तो कर्मचारियों को विशेष कौशल प्रदान करने और रेलगाड़ी और भूभाग की समझ का प्रशिक्षण प्रदान करने की दिशा में क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) क्या डीएचआर के अंतर्गत रेलवे स्थानीय युवाओं की सेवाएं ले रहा है क्योंकि वे स्थानीय वातावरण के अनुकूल हैं और उनमें अपेक्षित कौशल तथा विशेषज्ञता को प्राकृतिक रूप से विकसित किया जा सकता है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे के संबंध में 28.07.2021 को लोक सभा में श्री राजू बिष्ट के अतारांकित प्रश्न सं. 1510 के (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): जी नहीं। दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे में कुशल कर्मचारियों की कोई कमी नहीं है।

भारतीय रेलों में प्रशिक्षित एक्ट प्रशिक्षुओं को निर्धारित नीति के अनुसार, 1800/- रु. ग्रेड पे वाले पे बैंड-1 (लेवल-1) 5200-20200 रु. में पदों/कोटियों की सीधी भर्ती के मामले में रिक्तियों का 20% तक लंबवत आरक्षण मुहैया कराया जाता है।

(ख): दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे भारत में सबसे पुराने भाप इंजन के साथ चलने वाली एक हेरिटेज रेलवे है। बहरहाल, दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे खंड में डीज़ल रेलइंजनों का उपयोग भी किया जा रहा है।

(ग): धरोहर परिसंपत्तियों के अनुरक्षण में शामिल कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाता है।

(घ): रेलवे में भर्ती केन्द्रीकृत रोजगार अधिसूचनाओं के माध्यम से की जा रही है। नए भर्ती कर्मचारियों को उनके कैरियर के विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण अर्थात् नई भर्ती के लिए आरंभिक प्रशिक्षण, पदोन्नति प्रशिक्षण, उनके कार्यक्षेत्र से संबंधित पुनश्चर्या प्रशिक्षण एवं विशेष प्रशिक्षण मुहैया कराया जाता है। कर्मचारियों को उन्हें सौंपी गई ड्यूटी के लिए पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित किया जाता है

****